| S. No. | Name of the Project | Location | Capacity (MW) |
|---|---|---|---|
| 7 | Kayamkulam STPP Stage-I | Alleppey District, Kerala | 420 |
| 8 | Faridabad Gas based power project | Faridabad District, Haryana | 800 |
| 9 | Mangalore STPP Stage-I | Dakshina Kannada District, Karnataka | 420 |
| 10 | Gandhar Gas based power project Stage-I | Bharuch District, Gujarat | 650 |
| 11 | Godavari Gas based power project | Kakinada District, Andhra Pradesh | 800 |
| 12 | North Karanpura STPP Stage-I | Ranchi District, Bihar | 1000 |

**Spread of meningitis in Madhya Pradesh**

32. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI MAHENDRA PRASAD:
SHRI SURESH PACHOURI:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the press reports to the effect that 12 districts of Madhya Pradesh are currently in the grip of meningitis; and

(b) if so, what steps are being taken by the Central Government to render necessary help to the State Government to combat the disease?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RASHEED MASOOD): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

33. [*Transferred to the 8th May, 1990*]

**सीमेंट के उत्पादन के लक्ष्य**

**34. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
**श्री राम जेठमलानी :**

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वित्तीय वर्ष के दौरान सीमेन्ट का उत्पादन निर्धारित लक्ष्य की तुलना में कम हुआ था;

(ख) यदि हां, तो सीमेन्ट के उत्पादन का कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया था और कितनी मात्रा का वास्तव में उत्पादन किया गया और क्या यह भी सच है कि देश में सीमेन्ट उत्पादन के लिए स्थापित क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है ;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा चालू वर्ष के लिए सीमेन्ट के उत्पादन का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

**उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) :** (क) से (ग) वर्ष 1989-90 के लिए निर्धारित 490 लाख मी० टन सीमेंट उत्पादन के लक्ष्य की तुलना में 456 लाख मी. टन (अनंतिम) उत्पादन हुआ। पिछले वर्ष 77 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष के दौरान 78.60 प्रतिशत क्षमता उपयोग का अनुमान लगाया गया है। यदि मांग और अवस्थापना संबंधी बाधाएं न होतीं तो क्षमता उपयोग और भी ज्यादा होता।

(घ) वर्ष 1990-91 के लिए 490 लाख मी० टन सीमेंट उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित करने का प्रस्ताव है।

**एयरबस ए-320 विमानों के निरापद परिचालन के लिए इंडियन एयर लाइन्स को उत्पादकता के संबंध में रामदास समिति का प्रतिवेदन**

35. **श्री राम जेठमलानी :** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ए-320 विमानों के निरापद परिचालन के लिए इंडियन एयरलाइंस को तत्परता के संबंध में रामदास समिति का प्रतिवेदन सरकार को प्राप्त हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और क्या सरकार ने प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफ़ारिशों को कार्यान्वित करने का निर्णय किया है ; और

(ग) क्या सरकार द्वारा समिति का प्रतिवेदन प्रकाशित किया जाएगा ?

**ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) से (ग)** रामदास समिति की अंतरिम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और सरकार के विचाराधीन है।

**विद्युत उत्पादन में कमी**

36. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 14 अप्रैल, 1990 के "फ़ाइनेन्शियल एक्सप्रेस" में "पावर सीन वर्सनिंग" शीर्षक के अन्तर्गत छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि 1990 की तिमाही के दौरान विद्युत उत्पादन इस संबंध में निर्धारित लक्ष्य से कम हुआ है ;

(ग) क्या सरकार ने आगामी महीनों में विद्युत की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उपाए किए हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

**ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) :** (क) से (ग) 1990 की प्रथम तिमाही के दौरान ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य की अपेक्षा वास्तविक उत्पादन नियमानुसार दर्शाया गया है :—

(आंकड़े मिलियन यूनिट में )

| | जनवरी, 1990 | फ़रवरी, 1990 | मार्च, 1990 |
|---|---|---|---|
| **ताप विद्युत** | | | |
| लक्ष्य . . . . . | 18153 | 16731 | 18433 |
| वास्तविक . . . . . | 17419 | 15400 | 16645 |
| % . . . . . | 96.0 | 92.0 | 90.3 |
| **न्यूक्लीय** | | | |
| लक्ष्य . . . . . | 602 | 570 | 647 |